(Hindi Version)

# हांगकांग में युवा सेवाएं, ड्रग उपचार और पुनर्वास सेवाएं और सामुदायिक विकास सेवाएं पर अवलोकन

## सेवा निर्देशन

- युवा लोगों की बहुआयाामी और बदलती जरूतों का समाधान करने के लिए हमने सेवा के एक **समग्र और एकीकृत मोड** को अपनाया है।

- समाज कल्याण विभाग युवा लोगों के लिए **निवारक, विकासात्मक और उपचारात्मक सेवाओं** की व्यापक श्रृंखला संचालित करने के लिए गैर-सरकारी संगठनों को आर्थिक सहायता प्रदान और निगरानी करता है ताकि उन्हें समाज में परिपक्व, जिम्मेदार और योगदानकर्ता सदस्य बनने में मदद की जाए।

## ए. हांगकांग में प्रमुख युवा सेवाएं

शुरूआती पहचान और हस्तक्षेप

***एकीकृत बाल और युवा सेवा केंद्र***

- एकीकृत बाल और युवा सेवा केंद्रों (ICYSCs) को पड़ोस में 6 और 24 के बीच की आयु वाले बच्चों और युवाओं के लिए स्थापित किया गया है। सेवाएं एक समग्र तरीके से प्रदान की जाती हैं। सामाजिक कार्य हस्तक्षेप रणनीतियों के माध्यम से (केसवर्क, समूह कार्य, और सामुदायिक कार्य सहित) विभिन्न प्लेटफार्मों (अर्थात सेंटर, स्कूल, या समुदाय), रणनीतिक गठजोड़ और सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग करना (जहां उपयुक्त हो), विभिन्न प्रकार के प्रोग्राम जिनमें मार्गदर्शन और परामर्श, सहायक कार्यक्रमों, विकासात्मक और सामाजिकता कार्यक्रमों के साथ-साथ सामुदायिक जुड़ाव कार्यक्रम ICYSCs द्वारा प्रदान किए जाते हैं। ICYSCs की सूची के लिए कृपया समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट www.swd.gov.hk पर संदर्भ देखें।

***सेकण्डरी स्कूलों में स्कूल सोशल वर्क सर्विस***

- सेकण्डरी स्कूलों में "**प्रत्येक स्कूल में दो स्कूल सोशल वर्कर**" नीति के अनुसार स्कूल सोशल वर्क सर्विस का क्रियान्वयन किया जाता है। प्रत्येक सेकण्डरी स्कूल में जरूरतमंद विद्यार्थियों की शैक्षणिक, सामाजिक या भावनात्मक समस्याओं को पहचानने और सहायता करने के लिए दो पूर्णकालिक स्थापित सामाजिक कार्यकर्ता उपलब्ध करवाए जाते हैं। पूछताछ के लिए संबंधित स्कूल में पहुँचें।

*स्कूल उपरांत देखभाल कार्यक्रम*

- स्कूल उपरांत देखभाल कार्यक्रम (ASCP) का लक्ष्य **प्राथमिक स्कूल के विद्यार्थियों (इनमें जिन्हें स्पेशल एज्युकेशन आवश्यकताओं (SEN) का निदान किया गया है या जो SEN होने के संदिग्ध हैं और चिकित्सा आंकलन की प्रतीक्षा कर रहे हैं), जो हांगकांग के निवासी हैं, को सहायता सेवा प्रदान करना है।** उनके अभिभावक कार्य, नौकरी खोजने या अन्य कारणों से स्कूल-उपरांत उनकी उचित देखभाल करने में असमर्थ होते हैं। सेवाओं में होमवर्क मार्गदर्शन, माता-पिता का मार्गदर्शन और शिक्षा, कौशल सीखना और सामाजिक गतिविधियां शामिल हैं। केंद्रों की सूची के लिए कृपया समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट www.swd.gov.hk पर संदर्भ देखें।

- ASCP सेंटर एक **सेल्फ-फाइनेंसिंग और शुल्क-वसूली** आधार पर संचालित होते हैं। फीस-छूट सब्सिडी स्कीम के अंतर्गत SWD निम्न आय वाले परिवारों के बच्चों को ASCP में भाग लेने के लिए पूरी फीस छूट, आधी फीस कटौती सब्सिडी प्रदान की जाती है। जरूरतमंद और पात्र परिवार आवेदन करने के लिए संबंधित केंद्रों से सीधे संपर्क कर सकते हैं।

- उन माता-पिता को सहायता प्रदान करने के लिए जो लंबे/अनियमित समय, सप्ताहांत में कार्य करते हैं, या जो कार्यबल में शामिल होने का इरादा रखते हैं, SWD ने दिसम्बर 2014 से आरंभ करके कार्यदिवसों में शाम को सेवा के घंटों में बढ़ाते हुए, कुछ ASCP केंद्रों में शनिवारों, रविवारों और स्कूलों में अवकाशों में व्यापक ASCP लागू किया है।

<u>समयबद्ध सहायता</u>

*डिस्ट्रिक्ट यूथ आउटरीचिंग सोशल वर्क सर्विस*

- डिस्ट्रिक्ट यूथ आउटरीचिंग सोशल वर्क टीमें क्षेत्र-अनुसार आधार पर 6 से 24 वर्ष के बीच के उन लोगों तक **पहुँचने और परामर्श तथा मार्गदर्शन** के लिए उपलब्ध करवाई जाती हैं जो सामान्यत: परंपरागत सामाजिक और युवा गतिविधियों में भाग नहीं लेते हैं और अवांछित प्रभावों के प्रति कमजोर होते हैं। यह सेवा उच्च-जोखिम युवा और जुवैनाइल गैंग समस्याओं का समाधान करने में प्रभावी होती है। टीमों की सूची के लिए कृपया समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट www.swd.gov.hk पर संदर्भ देखें।

*युवा नाइट ड्रिफ्टर्स के लिए ओवरनाइट आउटरीचिंग सर्विस*

- युवा नाइट ड्रिफ्टर्स के लिए ओवरनाइट आउटरीचिंग सेवा क्षेत्र-अनुसार आधार पर **उच्च-जोखिम युवा नाइट ड्रिफ्टर** के लिए प्रदान की जाती है जो संभावित नैतिकता खतरे के संपर्क में होते हैं। टीमों की सूची के लिए कृपया समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट www.swd.gov.hk पर संदर्भ देखें।

***साइबर युवा सहायता टीमें***

- साइबर युवा सहायता टीमें, **जोखिम-में और छुपे हुए युवाओं** के लिए पेशेवर सामाजिक कार्य हस्तक्षेप जिसमें ऑफलाइन परामर्श और समूह/कार्यक्रम सेवाएं शामिल हैं, प्रदान करती हैं। वे अन्य सामुदायिक हितधारकों और संगठनों के साथ भागीदारी करेंगी ताकि जोखिम-में और छुपे हुए युवाओं की जरूरतों के समाधान के लिए अंतर-सेक्टर सहयोग पोषित किया जाए। टीमों की सूची के लिए कृपया समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट www.swd.gov.hk पर संदर्भ देखें।

***जोखिम-में-युवा के लिए हॉटलाइन सेवा***

- हॉटलाइन सेवाएं, हांगकांग फेडेरेशन ऑफ यूथ ग्रुप **(2777 8899)** द्वारा संकट का समाना कर रहे जोखिम-में युवा को **टेलीफोन संपर्क** द्वारा तत्काल परामर्श की पेशकश करतीं हैं। कॉल करने वालों को प्रदान की जाने वाली सेवाओं में टेलीफोन से मार्गदर्शन और परामर्श, तत्काल हस्तक्षेप के लिए आमने-सामने परामर्श और अन्य उपयुक्त सेवा इकाईयों को रेफर करना शामिल है।

***बाल एवं युवा विकास के लिए जिला सहायता स्कीम***

- इस स्कीम का लक्ष्य 24 वर्ष या उससे कम आयु के बच्चे और युवा हैं जो जिला में आर्थिक रूप से वंचित हैं या प्रतिकूल परिस्थितियों के अंतर्गत हैं। संसाधनों का वितरण **सीधे नकद सहायता** के रूप में बच्चों और युवाओं को उनके विकास की जरूरतें पूरा करने के लिए निजी वस्तुएं पर खर्च की सब्सिडी प्रदान करने के रूप में किया जाता है। केसवर्क प्राप्त कर रहे जरूरतमंद ग्राहक विवरण के लिए उनके जिम्मेदार सामाजिक कार्यकर्ता से संपर्क कर सकते हैं।

युवा लोगों को वापस सही राह पर लाना

***समुदाय सहायता सेवा स्कीम***

- समुदाय सहायता सेवा स्कीम (CSSS) का लक्ष्य उन बच्चों और युवाओं को सहायता सेवाएं प्रदान करना है जिन्हें पुलिस सुपरिटेंडेंट की विवेकाधिकार स्कीम के अंतर्गत चेतावनी दी गई है, युवाओं और उनके समकक्ष लोगों को गिरफ्तार किया गया है ताकि उन्हें समाज में पुन: एकीकृत किया जाए, उनके विकृत और गैरकानूनी व्यवहार को खत्म करना और कानून उल्लंघन की उनकी संभावना को कम किया जाए। सेवाओं में शामिल है व्यक्तिगत और परिवार परामर्श, उपचारात्मक समूह, कौशल प्रशिक्षण/शैक्षिक समूह, सामुदायिक सेवाएं, अपराध रोकथाम कार्यक्रम आदि। बेहतर सेवा तालमेल के लिए, CSSS की टीमें एक एकीकृत बच्चों और युवा सेवा केंद्रों के साथ जुड़ी हैं। टीमों की सूची के लिए कृपया समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट www.swd.gov.hk पर संदर्भ देखें।

**बी. पुर्नवास सेवाएं**

*साइकोट्रोपिक पदार्थ के नशेड़ियों के लिए परामर्श केंद्र*

- साइकोट्रोपिक पदार्थ नशेड़ियों के लिए परामर्श केंद्र का लक्ष्य **आदतन/ कभी-कभार/ संभावित साइकोट्रोपिक पदार्थ के नशेड़ियों और जोखिम वाले युवाओं** को साइकोट्रोपिक पदार्थ नशा करने से दूर रखने और स्वस्थ जीवनशैली विकसित करने में सहायता करने के दृष्टिकोण से परामर्श और सहायता प्रदान करना है। सेवाओं में शामिल हैं (i) साइकोट्रोपिक पदार्थ के नशेड़ियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए व्यक्ति और समूह परामर्श; (ii) समकक्ष सहायता सेवा; (iii) सेकण्डरी स्कूलों, पोस्ट-सेकण्डरी संस्थानों और वोकेशनल ट्रेनिंग संगठनों विद्यार्थियों तथा समुदाय के स्तर पर आम लोगों के लिए नियमित निवारक शिक्षा कार्यक्रम; (iv) सम्बद्ध पेशेवरों के लिए पेशेवर प्रशिक्षण; और (v) जरूरतमंद लोगों के लिए शुरूआती पहचान करने और उन्हें शुरूआत में ही शुरूआती उपचार और पुनर्वास सेवाएं प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना शामिल है। केंद्रों की सूची के लिए कृपया समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट www.swd.gov.hk पर संदर्भ देखें।

*आवासीय ड्रग उपचार और पुनर्वास केंद्र और हॉफवे हाउस*

- आवासीय ड्रग उपचार और पुनर्वास केंद्र और हॉफवे हाउस उन नशा करने वाले लोगों की जरूरतें पूरी करते हैं जो **स्वैच्छिक आवासीय ड्रग उपचार, पुनर्वास और सामाजिक एकीकरण** प्राप्त करना चाहते हैं। सेवाओं की निरंतरता और देखभाल उपरांत प्रावधान के साथ, इसका उद्देश्य ड्रग नशा करने वालों को ड्रग लेने की आदत छोड़ने में मदद करना, व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन लाना, जीवन में एक नई दिशा विकसित करना और समुदाय में फिर से एकीकृत करना है। आर्थिक सहायता प्राप्त केंद्रों की सूची के लिए कृपया समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट www.swd.gov.hk पर संदर्भ देखें।

*सेंटर फॉर ड्रग काउंसलिंग*

- सेंटर फॉर ड्रग काउंसलिंग का उद्देश्य **ड्रग का नशा करने वालों** को ड्रग नशा करने से दूरी बनाने में मदद करना, **ड्रग का नशा छोड़ने वालों** को दूरी बनाए रखने में सहायता करना और **ड्रग का नशा करने वालों तथा ड्रग नशा छोड़ने वालों के परिवार के सदस्यों** की ड्रग नशा करने से होने वाली समस्याओं से निपटने में सहायता करना है। सेवाओं में शामिल है (i) व्यक्तिगत और समूह परामर्श; (ii) समूह गतिविधियां; (iii) समकक्ष सहायता सेवा; (iv) विभिन्न लक्ष्य समूहों के लिए निवारक शिक्षा सेवाएं; और (v) ड्रग का नशा करने वालों को शुरूआत में ही पहचान करने के लिए साइट पर चिकित्सा सहायता सेवा और शुरूआती उपचार और पुनर्वास सेवाएं प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना। केंद्रों की सूची के लिए कृपया समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट www.swd.gov.hk पर संदर्भ देखें।

## स. <u>समुदाय विकास सेवाएं</u>

***सामुदायिक केंद्र***

- सामुदायिक केंद्र एक आबादी में **सभी आयु समूहों के लिए एक केंद्र बिंदु** है जो सामाजिक संबंधों और आपसी सहायता को बढ़ावा देता है; आत्मनिर्भरता, सामाजिक जिम्मेदारी और समुदाय के भीतर सामंजस्य की अनुभूति का विकास करता है; और व्यक्तियों और परिवारों को समुदाय की समस्याओं का समाधान करने में सशक्त बनाता है और सामुदायिक जीवन की गुणवत्ता में सुधार करता है। केंद्रों की सूची के लिए कृपया समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट www.swd.gov.hk पर संदर्भ देखें।

***नेबरहुड लेवल कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट (NLCDP)***

- नेबरहुड लेवल कम्युनिटी डेवलपमेंट प्रोजेक्ट (NLCDP) का उद्देश्य **वंचित और अस्थाई समुदायों** की सेवा करना है जहां कल्याणकारी सेवाओं और सुविधाओं के प्रावधान अपर्याप्त या मौजूद नहीं हैं। समुदाय में कमजोर समूहों की सेवा के लिए समुदाय आधारित अधिक सेवाओं के प्रावधान होने और अस्थायी आवास क्षेत्रों, स्क्वैटर क्षेत्रों और सार्वजनिक आवास सम्पदा आदि के क्लीरन्स कार्यक्रमों में गिरावट होने के साथ NLCDP सेवा का चरणबद्ध रूप से हटने का अनुमान है। टीमों की सूची के लिए कृपया समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट www.swd.gov.hk पर संदर्भ देखें।

***देखभाल और सहायता नेटवर्किंग टीम (CSNT)***

- देखभाल और सहायता नेटवर्किंग टीम (CSNT) का उद्देश्य मुख्यत: **पूर्व-अपराधियों, पूर्व-मानसिक रोगियों और वेस्ट कूवलून में गलियों में सोने वालों** का आउटरीचिंग, सहायता, केसवर्क, और समूह कार्य सेवाओं के माध्यम से समाज में पुन: एकीकरण करना है। टीमों की सूची के लिए कृपया समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट www.swd.gov.hk पर संदर्भ देखें।

युवा सेक्शन
युवा और सुधार शाखा
समाज कल्याण विभाग
मार्च 2021